राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 979 /जी0एस0
दिनांक : 10 फरवरी, 2022

प्रेषक,

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों / संस्थानों के कुलपति / निदेशकगण जब मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति से मिलने आते हैं तो समय–समय पर उनके विश्वविद्यालय में जो नवाचार किया जा रहा है या कोई अच्छी व्यवस्था बनाई गई है या उनके मन में कोई ऐसी योजना हो जो कि विश्वविद्यालय के संचालन को और बेहतर कर सके, से अवगत कराया जाता है।

उक्त पृष्ठभूमि में मा0 कुलाधिपति जी ने यह अपेक्षा की है कि सभी कुलपति / निदेशकगण द्वारा उनके विश्वविद्यालय / संस्थान में जो भी नवाचार किया गया है या उनके मन में नवाचार के बारे में कोई योजना है, उसका एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण सभी कुलपति / निदेशकगण के समक्ष कराया जाये।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने की अपेक्षा की गई है कि यदि आपके विश्वविद्यालय / संस्थान के सम्बन्ध में कोई ऐसा नवाचार हुआ है या विचाराधीन है तो उसके बारे में एक सक्षिप्त प्रस्तुतीकरण विलम्बतम दिनांक 17–2–2021 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आपके द्वारा जो भी विवरण उपलब्ध कराया जायेगा उसके आधार पर सभी कुलपति / निदेशकगण के समक्ष मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति की अध्यक्षता में एक प्रस्तुतीकरण का आयोजन आगामी 23 या 24 फरवरी, 2022 को राजभवन में किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी नियत तिथि एवं समय की सूचना आपको अलग से प्रेषित कर दी जायेगी।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।